आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
नई दिल्ली

दिनांक: 01.02.2023

सूचना
****

विषयः नीट-एमडीएस 2023 के सभी आवेदकों के लिए सम्पादन विंडो

1. जिन उम्मीदवारों ने आवेदन जमा करने की विंडो के दौरान नीट-एमडीएस 2023 के लिए अपना परीक्षा शुल्क सफलतापूर्वक जमा कर दिया है, उन्हें **2 फरवरी 2023 (3 बजे दोपहर) से 5 फरवरी 2023 (रात 11:55 बजे तक)** के दौरान अपने आवेदनों को संपादित करने की अनुमति होगी।

2. संपादन विंडो के दौरान कोई नया आवेदन पंजीकृत नहीं किया जा सकता है या भुगतान नहीं किया जा सकता है। हालांकि, उम्मीदवार की श्रेणी और/या पीडब्ल्यूडी स्थिति में परिवर्तन के मामले में आवश्यक शेष शुल्क, यदि कोई हो, का भुगतान एडिट विंडो के दौरान किया जा सकता है।

3. परीक्षार्थी का **नाम, परीक्षा शहर, राष्ट्रीयता, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को छोड़कर** संपादन विंडो के दौरान आवेदन में उल्लिखित किसी भी जानकारी को और/या उसमें अपलोड किए गए दस्तावेज़ (दस्तावेजों) को बदला/सुधारा जा सकता है।

4. "सबमिट" बटन पर क्लिक करने से पहले संपादन योग्य जानकारी/छवियों/दस्तावेजों को कितनी भी बार बदला जा सकता है। **एक बार सबमिट बटन पर क्लिक करके अपडेट की गई जानकारी सबमिट हो जाने के बाद, संपदान विंडो के दौरान किसी अन्य बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।** नीट-एमडीएस 2023 के लिए सूचना बुलेटिन के खंड 2.8.1 और 8.20 को तदनुसार पढ़ा जाना चाहिए।

5. भुगतान पर निर्भर क्षेत्रों (जैसे कि श्रेणी और/या पीडब्ल्यूडी स्थिति) में किए गए परिवर्तनों के मामले में, जिसके लिए आपको 1000/- रुपये का अतिरिक्त भुगतान करने की आवश्यकता होती है, शेष शुल्क के सफल भुगतान के बाद ही ऐसे परिवर्तन सहेजे जाएंगे। **यदि आवश्यक शेष शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है या लेन-देन विफल हो जाता है, तो भुगतान निर्भर क्षेत्रों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में किए गए परिवर्तनों को अद्यतन किया जाएगा।** भुगतान निर्भर क्षेत्रों को अपडेट करने के लिए, कृपया फिर से लॉगिन करें और "एप्लिकेशन पर जाएं" बटन पर क्लिक करें, आवश्यक फ़ील्ड संपादित करें, परिवर्तनों का पूर्वावलोकन करें और भुगतान पूरा करने के लिए सबमिट बटन पर क्लिक करें।

6. छवि अपलोड निर्देश नीट-एमडीएस 2023 सूचना बुलेटिन में विस्तृत हैं। उक्त निर्देश एनबीईएमएस नोटिस दिनांक 09.09.2022 के माध्यम से भी अधिसूचित किए गए थे।

   छवि अपलोड निर्देशों के लिए यहां क्लिक करें

7. कुछ उम्मीदवारों ने निर्धारित छवि अपलोड निर्देशों के अनुसार अपने फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और/या अंगूठे के निशान को अपलोड नहीं किया है। ऐसे उम्मीदवारों को संपादन विंडो के दौरान अपने आवेदन पत्र में छवि (छवियों) को सुधारना आवश्यक है।

   उन उम्मीदवारों की सूची जिन्हें अपने आवेदन में छवियों को सही करने की आवश्यकता है

8. नीट-एमडीएस 2023 के लिए सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे इमेज अपलोड निर्देशों को ध्यान से देखें। कृपया इस बात से अवगत रहें कि आवेदन पत्र में अपलोड की गयी छवियाँ यदि निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार नहीं है या संपादन विंडो / अंतिम संपादन विंडो में छवियों को सुधारने में आवेदक विफल रहता है तो यह आवेदन की अस्वीकृति को आमंत्रित करेगा।

एनबीईएमएस

NATIONAL BOARD OF EXAMINATIONS
IN MEDICAL SCIENCES
NEW DELHI

Dated: 01.02.2023

NOTICE

****

Subject: Edit Window for all applicants of NEET-MDS 2023

1. Candidates who have successfully submitted their examination fee for NEET-MDS 2023 during application submission window shall be allowed to edit their applications from **2nd February 2023 (3PM onwards) to 5th February 2023 (till 11:55PM)**.

2. No new application can be registered or examination fee payment can be made during edit window. However, the balance fee required, if any, in case of change in candidate category and/or PwD status can be paid during the edit window.

3. Any information mentioned in the application and/or document(s) uploaded therein can be changed/corrected during the edit window **except for Candidate Name, Test City, Nationality, Mobile Number and Email ID**.

4. Editable information/images/documents can be changed any number of times before finally clicking on "Submit" button. **Once the updated information is submitted by clicking the Submit button, no further changes shall be allowed during the edit window**. The clause 2.8.1 and 8.20 of the Information Bulletin for NEET-MDS 2023 should be read accordingly.

5. In case of changes made in *payment dependent fields (such as category and/or PwD status)* which requires you to make an additional payment of Rs. 1000/-, such changes will only be saved after a successful payment of balance fee. **If the payment of balance fee required is not made or transaction gets failed, changes made in all the fields shall be updated *except the payment dependent fields***. For updating payment dependent fields, please login again and click on "Go to Application" button, edit the required fields, preview the changes and click on submit button to complete the payment.

6. The image upload instructions are detailed in the NEET-MDS 2023 information bulletin. Said instructions were notified vide NBEMS notice dated 09.09.2022 as well.

Click here for Image Upload Instructions

7. Some candidates have not uploaded their photographs, signatures and/or thumb impressions as per prescribed Image Upload Instructions. Such candidates are required to rectify the image(s) in their application form during the edit window.

List of candidates who need to correct the images in their applications

8. All applicants for NEET-MDS 2023 are hereby advised to go through the ***Image Upload Instructions*** carefully. Please be apprised that uploading images in the application form which are not in accordance with the guidelines prescribed or failure to rectify the images in the edit window/final edit window shall invite rejection of application.

NBEMS